# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001
e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, ceupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 671 / पेपर कटिंग / 11 दिनांक–23/04/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– **दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''जल जीवन मिशन योजना विफल, पानी बर्बाद'' सैदपुर ब्लाक के कई गॉवों में नहीं मिल रहा लाभ, सड़के जलमग्न के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''जल जीवन मिशन योजना विफल, पानी बर्बाद'' सैदपुर ब्लाक के कई गॉवों में नहीं मिल रहा लाभ, सड़के जलमग्न होने की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–23.04.2026 को प्रकाशित हुयी है। जिस सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड–सैदपुर में पूर्व निर्मित एवं जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 79 ग्रामीण पाइप पेयजल योजना में से कुल 35 नग पेयजल योजनाओं से पूर्ण/आंशिक जलापूर्ति संचालित की जा रही है शेष 44 नग पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन है। पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं को पूर्ण क्षमता पर संचालित कराने हेतु ओ0 एण्ड एम0 एजेन्सी मेसर्स सरला के0पी0आई0एल0, हैदराबाद के द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कराकर स्वीकृत हेतु मुख्यालय प्रेषित है। करमपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 01 नलकूप पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 100 किली0/16 मी0 स्टेजिंग 40 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन 16.25 कि0मी0 के सापेक्ष 16.13 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 470 के सापेक्ष 81 नग में डायेरक्ट पम्पिंग के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गयी है। उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्रांक 472/एच0एफ0सी0एल0/26 दिनांक 30.03.2026 के द्वारा लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन मरम्मत करने हेतु अनुरोध किया गया है एवं कार्यदायी संस्था को भी अतिशीघ्र मरम्मत करने हेतु निर्देशित किया गया है। आलमपुर सौना पेयजल योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 01 नलकूप पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 150 किली0/16 मी0 स्टेजिंग 20 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन 29.25 कि0मी0 के सापेक्ष 29.10 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 642 के सापेक्ष 110 नग में डायेरक्ट पम्पिंग के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में योजनान्तर्गत 02 नग लीकेज विद्यमान है जिसके मरम्मत के कार्य प्रगति पर है एवं आगामी दो दिवस में लीकेज मरम्मत करा दिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुनील कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

Letter/EE/2025/461

Scanned with OKEN Scanner

# करमपुर पेयजल योजना के क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के फोटोग्राफ






Scanned with OKEN Scanner